मुंबई की पहली भूमिगत ट्रेन दिसंबर में मिलेगी

वसं, मुंबई: मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो को दिसंबर में मेट्रो ट्रेन की पहली खेप मिलेगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल के मुताबिक मेट्रो-3 कॉरिडोर के लिए 8 डिब्बों की मेट्रो के दो रेक बनकर तैयार हो चुके हैं। मौजूदा समय में इन रेक की टेस्टिंग का काम चल रहा है। मेट्रो की पहली रेक दिसंबर तक मुंबई पहुंच जाएगी। मुंबई आने के बाद सप्ताह तक रेक के अलग-अलग पार्ट को जोड़ने का काम किया जाएगा। जनवरी से मेट्रो के मार्ग पर ट्रायल रन की शुरुआत हो जाएगी। मरोल मरोशी से मेट्रो के ट्रायल रन की शुरुआत की जाएगी। ट्रायल रन के लिए मरोल में रैंप तैयार किया जा रहा है। इसकी लंबाई करीब 225 मीटर होगी।

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। पूरे मार्ग पर 97 फीसदी तक टनल तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। आगामी एक से डेढ़ महीने में भूमिगत मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा। स्टेशन निर्माण समेत प्रॉजेक्ट का 70 फीसदी सिविल वर्क किया जा चुका है। टनल तैयार करने के साथ ही मार्ग पर पटरी बिछाने का भी काम चल रहा है। अब तक 7 किमी से अधिक के मार्ग पर ट्रैक बिछाने का काम हो चुका है।